# यूपीआइटीएस प्रदेश की औद्योगिक क्षमता दिखाने का मंच : सीएम

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) के चौथे संस्करण का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शो के तैयारियों की समीक्षा बैठक कर विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए।

- 25 से 29 सितंबर तक होगा यूपीआइटीएस का आयोजन, मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक
- छह पार्टनर देशों के 600 विदेशी खरीदार करेंगे शिरकत, 25 से अधिक नालेज सेशन होंगे



यूपीआइटीएस को लेकर समीक्षा बैठक करते सीएम योगी • जिला प्रशासन

उन्होंने सभी विभागों से अपने सत्रों को संक्षिप्त और प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया। उन्होंने इसे प्रदेश की औद्योगिक क्षमता दिखाने का महत्वपूर्ण मंच बताया। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक, पार्किंग, स्वच्छता, सुरक्षा और प्लास्टिक-मुक्त परिसर पर जोर दिया।

सभी विभागों को 23 सितंबर तक स्टाल लगाने, सीसीटीवी, ईवी चार्जिंग स्टेशन, बेहतर नेटवर्क और वाई-फाई सुनिश्चित करने को कहा। भीड़ प्रबंधन के लिए 500 से अधिक ईवी शटल बसें चलेंगी। नोएडा एयरपोर्ट पर यूपीआइटीएस हेल्प काउंटर बनाने के लिए भी दिशा निर्देश जारी किया।

**छह देश होंगे पार्टनर, 600 विदेशी खरीदार आएंगे :** इस बार मेले में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी बड़े पैमाने पर होगी। जापान, वियतनाम, रूस, सिंगापुर, आस्ट्रिया और बेलारूस पार्टनर देश के रूप में शामिल होंगे। इन देशों के प्रतिनिधिमंडल प्रीमियम पवेलियन, द्विपक्षीय बैठकें और बी2बी सेशन में हिस्सा लेंगे। फियो और विदेशी मिशनों के प्रयास से 72 देशों से करीब 600 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विदेशी मेहमानों के लिए बेहतर आवास, उच्चायुक्तों के लिए लायजनिंग अधिकारी और मदद के लिए गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों की तैनाती की जाए।